# जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा

सिवनी-मालवा • पिपरिया • सोहागपुर • मुलताई • सारनी • आमला • टिमरनी • खिरकिया

भोपाल 16 नवम्बर 2024


## न्यूज कार्नर

### नेशनल तैराकी में हुआ यशवर्धन का चयन

**जागरण, नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय शालेय तैराकी प्रतियोगिता में समेरिटन्स शाला के छात्र यशवर्धन देशमुख का चयन मध्य प्रदेश टीम में हुआ है।



यशवर्धन ने हाल ही में संपन्न हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक और एक कांस्य पदक हासिल किए थे राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता गुजरात के राजकोट में 24 नवंबर से 30 नवंबर तक संपन्न होनी है। इस उपलब्धि पर शाला के डायरेक्टर डॉ. आशुतोष शर्मा, प्राचार्या प्रेरणा रावत, सचिन खम्परिया, विनोद कुमार साहू, विक्रांत खम्परिया, राजेंद्र रघुवंशी ने हर्ष व्यक्त किया।

### 20 नवम्बर को लगेगा रोजगार मेला

**जागरण, सिवनी मालवा।** जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक, युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए रोजगार मेला का आयोजन 20 नवम्बर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनीमालवा में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए कहा है कि रोजगार के इच्छुक युवक एवं युवतियां अपना पंजीयन कर सकते है। रोजगार मेले में वर्धमान (बुदनी), ट्राइडेंट (बुदनी), नहर (मंडीदीप), ज़ील फौशन वेयर (धार), भास्कर प्राइवेट लिमिटेड (मंडीदीप), भारत फाइनेंशियल इनक्लूज़न, कौशल केंद्र जबलपुर, यशस्वी ऐकेडमी भोपाल, मदरसन कंपनी गुजरात, सम्हिता पीएसटी इन्डस्ट्री, रिलायंस निप्पन लाईफ, प्रथम एजुकेशन भोपाल, भारतीय जीवन बीमा, नवकिसान बायोटेक, गोकलदास एक्सपोर्ट (भोपाल), एचडीएफसी लाईफ, एसबीआई लाईफ इंसोरेन्स, पुखराज, जिज्ञासा, एमआईसी, ऐक्सिस बैक, आईसीआईसीआई बैंक, दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना आदि कंपनियां उपस्थित रहेंगी।

### रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव 7 दिसम्बर को

**जागरण, नर्मदापुरम।** मप्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा बताया गया कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन 7 दिसम्बर को प्रातः 09:30 से सायं 06:30 बजे तक डिवीजनल आईटीआई परिसर इटारसी रोड नर्मदापुरम में किया जा रहा है, कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जाएगा। इक्छुक आगंतुक कॉन्क्लेव में सम्मिलित होने हेतु अपना पंजीकरण लिंक पर कर सकते है।

### नर्मदा नदी में किया गया मत्स्य संचयन

**जागरण, नर्मदापुरम।** नदी मत्स्य समृद्धि योजनान्तर्गत नदी के गहरे दहों में मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन किया जा रहा है, नर्मदा नदी के गहरे दहों में विभाग द्वारा मत्स्यबीज संचयन का कार्य 17 नवंबर तक किया जाएगा। जिला मत्स्य अधिकारी ने बताया कि संभागीय अधिकारी मत्स्य विभाग भोपाल के प्रतिनिधि सोनकर एवं पार्षद द्वारा गत दिवस नर्मदा नदी में मछली संचयन का कार्य किया गया।

### हितग्राही घर बैठे बना सकेंगे आयुष्मान कार्ड

**जागरण, नर्मदापुरम।** प्रदेश सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने में मध्यप्रदेश पूरे देश में अग्रणी है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी आयुष्मान भारत योजना डॉ योगेश भरसट ने बताया कि आशा कार्यकर्ता, एएनएम और सीएचओ के द्वारा डोर टू डोर दस्तक दी जा रही है। सीईओ डॉ भरसट ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत एक नई पहल शुरू की गयी है, जो 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को सुलभ एवं उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित है। योजना का शुभारंभ 29 अक्टूबर को किया गया। उन्होंने बताया कि 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के पात्र वरिष्ठ नागरिक अब राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के पोर्टल या आयुष्मान ऐप के माध्यम से भी अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

## सेठानी घाट पर मां नर्मदा की हुई महाआरती



**जागरण, नर्मदापुरम।** सेठानीघाट पर परम्परागत रूप से प्रत्येक पूर्णिमा को होने वाली माँ नर्मदाजी की महाआरती आचार्य पं घनश्याम शर्मा के आचार्यत्व में पंच विप्रजनों के द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के शुभअवसर पर प्राचीन नर्मदा मंदिर के सामने सेठानीघाट पर सम्पन्न हुई। महाआरती में जिले सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने महाआरती में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### जिले के नर्मदा तटों पर लगा श्रद्धालुओं का मेला, दान-पुण्य कर किया दीपदान

# कार्तिक पूर्णिमा पर संगम तट बांद्राभान में लाखों श्रद्धालुओं ने किया पुण्य स्नान



**जागरण, नर्मदापुरम।** नर्मदांचल में कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर शुक्रवार को श्रद्धालुओं द्वारा समीपस्थ ग्राम बांद्राभान स्थित संगम पर स्नान कर दान पुण्य किया गया। संगम स्थल पर गुरूवार की रात्रि से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना प्रारंभ हो गया था उन्होंने ब्रम्ह मुहूर्त से ही स्नान किया गया। श्रद्धालुओं ने घाट पर ही पूजा-पाठ की और दाल-बाटी, चूरमा बनाकर मां नर्मदा को भोग लगाया। आदिवासी समाज के सदस्य भी बड़ा देव की आराधना करने यहां पहुंचे और मोरपंख से विशेष अनुष्ठान किया। श्रद्धालुओं ने बताया कि बांद्राभान संगम तट का पौराणिक महत्व है यहां नारद और जामवंत ने तपस्या की थी। नर्मदापुरम सहित आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु बांद्राभान मेले में पहुंचते हैं। बांद्राभान में नर्मदा और तवा नदी के घाटों पर लोग अपने देवी-देवताओं की पूजा कर भोग लगाकर धन-धान्य के भंडार भरे रहने के लिए आशीर्वाद मांगा।

बांद्राभान में 100 वर्षों से अधिक समय से कार्तिक पूर्णिमा पर मेला आयोजित किया जा रहा है। पूर्णिमा के दिन संगम पर डुबकी लगाने से मनोकामना पूरी होती है। कार्तिक पूर्णिमा पर नदी स्नान, दान-पुण्य करने के साथ ही दीपदान करने की भी परंपरा है। माना जाता है कि इस पर्व पर किए गए धर्म-कर्म से अक्षय पुण्य मिलता है। अक्षय पुण्य यानी ऐसा पुण्य, जिसका असर जीवनभर बना रहता है।

इस दौरान जिले के सांडिया घाट, रेवा बनखेड़ी घाट, सांगाखेड़ा घाट, सूरजकुंड, गोंदरी घाट सहित नगर के विवेकानंद घाट, सर्किट हाउस घाट, सेठानी घाट, मंगलवारा घाट, आंवली घाट, भिलाड़िया घाट सहित अन्य घाटों पर लाखों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं का मेला लगा रहा। श्रद्धालुओं ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा पर देव दिवाली भी मनाई गयी। कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा समेत सभी पवित्र नदियों में स्नान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और पाप मिटते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के दिन सिखों के गुरु नानक देव जी का जन्म हुआ था, इसलिए इस दिन गुरु नानक जयंती भी मनाई गई। गुरु नानक जयंती के अवसर पर गुरुद्वारों में अरदास, भजन, कीर्तन, प्रभात फेरी सहित अन्य गतिविधियां की गई। श्रद्धालुओं ने नर्मदा तट स्थित मंदिरों में भगवान सत्यनारायण की कथा सहित पूजा-पाठ किया गया। वहीं बांद्राभान तट पर दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने दाल-बाटी और चूरमा बनाकर भोग लगाया गया।

## भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर मना जनजातीय गौरव दिवस

### ग्राम भरगदा में आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**जागरण, नर्मदापुरम।** जनजातीय महानायक भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भरगदा विकासखंड केसला आडोटोरियम में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी, कलेक्टर सोनिया मीना, जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष केसला गनपत उईके, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष केसला, जिपं सीईओ सुजान सिंह रावत, एसडीएम नीता कोरी, जनजातीय कार्य विभाग जिला अधिकारी संजय द्विवेदी, क्षेत्र संयोजक हर्षित कौरव सहित समस्त विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, विकास खंड केसला के प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी केसला आशा मोर्य, एकलव्य आवासीय विद्यालय की प्राचार्य एंव शिक्षकगण, अन्य विभागों के जिला अधिकारी, जनजातीय संवर्ग के जनसमुदाय, हितग्राही उपस्थित थे। कार्यक्रम में बिहार के जमुई से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्धवोधन कार्यक्रम को लाइव प्रसारण के माध्यम से देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भरगदा के छात्र-छात्राओं द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी पर आधारित पेंटिंग एंव रंगोली बनाई गई एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

कन्या आश्रम चूरना तथा सीनियर जनजातीय कन्या छात्रावास केसला की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम को प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में आदिवासी वित्त विकास निगम द्वारा संचालित भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत नर्मदापुरम विकासखंड के इटारसी निवासी अजय उईके को 7.70 लाख रुपए के लागत से कुल निर्माण इकाई हेतु हितलाभ का चैक प्रदान किया गया। साथ ही जिले में 13 नवीन उच्च माध्यमिक शिक्षकों को भी मुख्य अतिथि गणों के द्वारा नियुक्ति आदेश प्रदाय किया गया। भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर कार्यक्रम में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर डॉ. उमेश कुमार धुर्वे तथा प्रभारी डॉ.टीटी एक्का द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा तथा गुरू नानक देव जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण, पूजन किया गया। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रही।

## श्री जगन्नाथ मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञशाला का हुआ शिखर पूजन



**जागरण, नर्मदापुरम।** समीपस्थ ग्राम डोंगरवाड़ा में आगामी 26 नवंबर से 1 दिसंबर तक होने जा रहे भगवान जगन्नाथ की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां अंतिम दौर में चल रही है। इसी तारतम्य में शुक्रवार कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर यज्ञशाला के शिखर का पूजन कर उसे स्थापित किया गया। शिखर का पूजन मंदिर के ठाकुर राजा डा आशुतोष शर्मा और श्री जगन्नाथ जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष विजय रथ ने किया। मंदिर के मुख्य अर्चक बाबाजी प्रसाद दास ने विधिवत पूजन सम्पन्न कराई। इस अवसर पर अन्य श्रद्धालु भी मौजूद रहे।

## सीताराम मंदिर में मनाया अन्नकूट उत्सव

**जागरण, सिवनी मालवा।** सीताराम मंदिर में शुक्रवार को अन्नकूट का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर को फूलों एवं लाइटिंग से सजाया गया मंदिर में रंगोली से भगवान वेंकटेश बालाजी एवं गोवर्धननाथजी का सुन्दर स्वरूप बनाया गया। भगवान का अभिषेक किया गया। मंदिर में भजन मंडली बुलाई गई जिसमें भजन गायक सोनू सर एवं अभिषेक मालवीय द्वारा मधुर स्वर में भजन गाये गये। श्रद्धालुओं द्वारा भजन एवं कीर्तन का आनंद लिया गया। श्रद्धालु भाव विभोर हो गए मधुर भजन एवं कीर्तन से मंदिर का वातावरण पूरा भक्तिमय हो गया। भगवान के समक्ष छप्पन भोग की प्रसादी लगाई गई। अन्नकूट के अवसर पर मंदिर में फुलझड़ी अनार पटाखे चकरी चला कर आतिशबाजी की गई। तत्पश्चात



महाआरती गाजे बाजे के साथ की गई एवं प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पीडी सारडा चंद्रगोपाल महेश्वरी, राधारमन खडलोया, श्याम सुंदर सारडा, गोकुल प्रसाद माहेश्वरी, नरेंद्र सारडा, जगदीश राठी, संपत सारडा, विनीत राठी, ओपी सारडा, धर्मेंद्र सारडा, हरि खडलोया, गिरधर टावरी, सचिन माहेश्वरी, प्रदीप टावरी, निर्मल सारडा, विपुल सारडा, सितेश सारडा, प्रफुल सारडा, रिशब खडलोया सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित है।

## रांगोली, निबंध एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता हुई



**जागरण, नर्मदापुरम।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में एवं अध्यक्ष, प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में एवं शशि सिंह, सचिव, जिला न्यायाधीश के निर्देशन एवं नुरूनिशा अंसारी सिविल जज जूनियर डिवीजन पाण्डेय, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड के आतिथ्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर में विधिक साक्षरता शिविर एवं रंगोली, निबंध एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। शिविर में उपस्थित न्यायाधीश नुरूनिशा अंसारी एवं अदिति मण्डलोई द्वारा नालसा एवं सालसा की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुये बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित योजनाओं एवं कानूनी जानकारियों के बारे में लोगों को जागरूक किये जाने हेतु विभिन्न विधिक साक्षरता शिविरों को आयोजन किया जाता है। जिसके तहत मोटर व्हीकल एक्ट, बच्चों, महिलाओं, वरिष्ठजन के कानूनी अधिकार, पॉक्सो एक्ट आदि की जानकारी प्रदान की जाती है। उक्त विद्यालय में 14 नवंबर बाल दिवस के उपलक्ष्य में रंगोली, निबंध एवं स्लोगन लेखन तथा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विधिक साक्षरता शिविर में नुरूनिशा अंसारी, अदिती मण्डलोई, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सतीश तिवारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सहायक ग्रेड-2 सुधा मिश्रा, पैरालीगल वालेंटियर श्वेता रैकवार एवं स्कूल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का स्टाफ उपस्थित रहा।

## केशव हॉस्पिटल में लगा डायबिटीज कैंप, 50 लोगों ने कराई शुगर जांच




**जागरण, नर्मदापुरम।** लायंस क्लब होशंगाबाद नर्मदापुरम के द्वारा केशव हॉस्पिटल में डायबिटीज कैंप का आयोजन किया गया। डायबिटीज कैंप में लायंस क्लब के डॉ. लायन अतुल सेठा तथा पूनम मित्तल ने शुगर टेस्ट किया गया।

कैंप में जिला सीईओ लायन डीएस डांगी, लायन पवन शुक्ला, लायन देवेंद्र वर्मा, लायन योगाचार्य राकेश चौहान, लायन देवेंद्र वर्मा, लायन हरि सिंह चौहान, लायन दीपेश दुबे, राम मोहन पाठक सहित 50 लोगों का शुगर की जांच की गई।

## बच्चों में कुछ विशिष्ट योग्यताएं प्रदान करते हैं ईश्वर : शशि सिंह

**जागरण, नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में एवं अध्यक्ष/प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में एवं शशि सिंह, सचिव/जिला न्यायाधीश रूचि पाण्डेय, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड नर्मदापुरम एवं स्वाति कौशल, सिविल जज जूनियर डिवीजन के आतिथ्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम द्वारा दिनांक 14 नवंबर 2024 को बाल दिवस के उपलक्ष्य में चित्रकला एवं खेलकूद प्रतियोगिता एवं नालसा की मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिये विधिक सेवा योजना 2024 के अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शशि सिंह द्वारा डॉ. एनीबेंसेट मानिसक विशेष विद्यालय में आयोजित शिविर में विद्यालय के विशोष बच्चों द्वारा नृत्य एवं गायन की प्रस्तुति एवं खेलकूद की प्रतिभा को देखकर कहा कि विशेष बच्चों में कुछ विशिष्ट योग्यतायें प्रदान करते है ईश्वर मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली द्वारा मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिये विधिक सेवा योजना 2024 के संबंध में विस्तार से बताया गया। विधिक साक्षरता शिविर के दौरान विद्यालय द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष्य में दौड़, कुर्सी दौड़, नृत्य, गीत, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों द्वारा पूरे उत्साह एवं जोश के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया गया एवं कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के समक्ष नृत्य, गीत, खेलकूद के अंतर्गत दौड़, कुर्सी दौड़, आदि में सहभागिता की गई, बच्चों द्वारा सुंदर-सुंदर चित्र भी बनाए गयें। कार्यक्रम के समापन उपरांत जिला न्यायाधीश, सचिव शशि सिंह एवं उपस्थित न्यायाधीश द्वारा उक्त कार्यक्रमों में सहभागिता करने वाले समस्त बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किये गये। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित न्यायाधीश स्वाति कौशल द्वारा बच्चों द्वारा किये गये नृत्य एवं गीत की प्रशंसा की गई। विधिक साक्षरता शिविर में शशि सिंह, जिला न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रूची पाण्डेय, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड, स्वाति कौशल, सिविल जज जूनियर डिवीजन, अनंत तिवारी, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, विद्यालय की संचालिका आरती दत्ता, प्राचार्य सुनीता गौर, प्रशिक्षक सुजाता नाथ, निशा वर्मा, धनवंती, सलोनी यादव, सलोनी दुबे, नितेश सिकरवार आदि मौजूद रहे।

## नर्मदापुरम ने हरदा को 283 रन की बढ़त के आधार पर किया पराजित

**जागरण, नर्मदापुरम।** संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित की जा रही स्व. श्री जेएल वर्मा मेमोरियल ट्रॉफी अंडर - 13 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले मैच में नर्मदापुरम टीम ने हरदा को पहली पारी की बढ़त के आधार पर पराजित किया। मैच में हरदा ने अपने कल के स्कोर से आगे खेलते हुए मात्र 34 रनों पर ऑल आउट हो गई। नर्मदापुरम की ओर से गेंदबाजी करते हुए दिव्यांश गालर ने सर्वाधिक 6 विकेट चटकाए, शशांक दुबे ने 2 विकेट का योगदान दिया। इसके पश्चात हरदा फॉलो ओं में बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट होकर 84 रन बना पाई। टीम की ओर से रोहित चढ़ा 40 रन नॉट आउट रहे। नर्मदा पुरम की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रज्वल मीणा 3 विकेट दिव्यांश गालर 2 विकेट का योगदान। इस तरह नर्मदा पुरम ने यहां मैच पहली बारी की 283 रन की बढ़त के आधार पर जीत लिया। मैच में शशांक दुबे अपने प्रदर्शन 74 रन एवं 2 विकेट के आधार पर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। मैच में अंपायर की भूमिका विष्णु बोरासी एवं फजल खान ने निभाई स्कोरर की भूमिका गजेन्द्र सलोकी ने निभाई। प्रतियोगिता का दूसरा मैच हरदा एवं बैतूल के मध्य शनिवार से खेला जाएगा।

## न्यूज कार्नर

### महिला से 7 हजार का गांजा बरामद

**जागरण, इटारसी।** इरानी डेरा निवासी एक महिला के पास से पुलिस ने 470 ग्राम गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमत सात हजार रूपए बताई जा रही है। सिटी पुलिस ने ईरानी डेरा निवासी 55 वर्षीय हसीना बी के पास से गांजा बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि वह ईरानी डेरा क्षेत्र में गांजा बेंचने की फिराक में थी, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए महिला को पकड लिया। उसके पास से 470 ग्राम गांजा बरामद किया गया। जिसकी कीमत सात हजार रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नि:शुल्क मोतियाबिंद शिविर लगेगा कल

**जागरण, इटारसी।** सतगुरु साई गोविंदराम के 80वें जन्मोत्सव पर बाबा गोदड़ी वाला धाम इटारसी व सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ के सहयोग से निशुल्क मोतियाबिंद लेंस प्रतिरोपण ऑपरेशन शिविर 17 नवंबर को सुबह 9 बजे आंख जांच केंद्र गली नंबर एक सिंधी कॉलोनी इटारसी में लगाया जा रहा है। शिविर में मोतियाबिंद के मरीजों का आना जाना रुकना दवाई खाना ऑपरेशन लेंस प्रतिरोपण फ्री रहेगा। उक्त जानकारी सनमुखदास सन्नी चेलानी द्वारा दी गई।

### संजीवनी क्लीनिक का किया निरीक्षण

**जागरण, इटारसी।** नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने दोपहर में न्यास कॉलोनी में बन रही संजीवनी क्लीनिक का निरीक्षण सभापति व पार्षदों के साथ किया। संजीवनी क्लीनिक न्यास कॉलोनी के बड़े मैदान के साइड में बन रही है। यहां भवन की दीवार उठ रही है। इसी तरह वार्ड 13 में ही स्वीकृत आंगनबाडी भवन के लिए भी स्थान देखा। निरीक्षण के दौरान वार्ड 13 की पार्षद सभापति अमृता ठाकुर के प्रतिनिधि मनीष ठाकुर, सभापति राकेश जाधव सहित अन्य मौजूद थे।

### महिला से मारपीट

**जागरण, इटारसी।** तवानगर निवासी 40 वर्षीय वंदना केवट नामक महिला के साथ उसी गांव में रहने वाले कर्ण और जावेद खान ने मिलकर मारपीट की। बताया जा रहा है किसी बात को लेकर उनके बीच झगड़ा हो गया था। यह विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने महिला के घर में घुसकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत घायल महिला ने तवानगर थाने में की है। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### एमजीएम में मनी बिरसा मुंडा जयंती

**जागरण, इटारसी।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 15 नवंबर को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। आयोजन में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राकेश मेहता और समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक अधिकारी कर्मचारियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। साथ ही शहडोल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा आभासी पटल पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया।

# गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर श्रद्धालुओं ने मत्था टेका, चखा गुरु का अटूट लंगर



**जागरण, इटारसी।** शहर में श्रीगुरुनानक देव जयंती के 555वें प्रकाश पर्व के रूप में श्रीगुरुसिंघ सभा एवं सिंधी कालोनी में साध संगत स्टेशन रोड मुख्य गुरुद्वारा के साथ अन्य स्थानों पर भी शुक्रवार को भक्ति भाव के साथ मनाई गई। शुक्रवार को विधायक डा. सीतासरन शर्मा, भाजपा नेता पीयूष शर्मा, सीएमओ रितु मेहरा भी गुरूद्वारा पहुंची। जयंती पर्व को लेकर पूरे गुरूद्वारे में विशेष साज सज्जा एवं लाइटिंग की गई थी, जो आकर्षण का केन्द्र रही। सुबह से लेकर देर रात तक शबद कीर्तन और गुरूवाणी से पूरा परिसर गुंजायमान रहा। इस अवसर पर नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र स्थित गुरुद्वारे में अल सुबह से ही सिख समुदाय के श्रद्धालुओं ने पहुंच कर माथा टेका और परिवार की समृद्धि खुशहाली के लिए विशेष अरदास की गई।

जयस्तंभ स्थित गुरूद्वारा श्रीगुरू सिंघ सभा प्रधान जसबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि 10 नवंबर से प्रकाशोत्सव के तहत प्रभात फेरी, अखंड पाठ साहब, नगर कीर्तन समेत अन्य धार्मिक कार्यक्रम गुरूद्वारे में किए जा रहे थे। इस अवसर पर गुरुद्वारा में गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष श्रीगुरुग्रंथ साहिब का पाठ और रागी जत्था के द्वारा कीर्तन किया गया। इस अवसर पर सुबह 9 बजे संपूर्ण भोग श्रीअखंड पाठ साहिब किया गया। तत्पश्चात गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा कीर्तन किया गया। उसके बाद अजीत सिंह द्वारा कीर्तन किया गया। दोपहर 1 से गुरुनानक देव का अटूट लंगर शुरू हुआ। शाम 5:45 बजे श्रीपाठ साहिब रविदास और उसके बाद लगातार कीर्तन के साथ रात्रि 12 बजे तक अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर गुरुद्वारा भवन पर सुंदर आकर्षक, विद्युत सज्जा की गई। इस अवसर पर गुरुद्वारे में सुबह से लेकर देर शाम तक अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन साध संगत के द्वारा आयोजित किया गया है।

### सभा हुईं सम्मानित

सीएमओ रितु मेहरा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लंगर के आयोजन में डिस्पोजल की जगह स्टील की थालियां, बर्तन, चम्मच एवं गिलास का उपयोग कर पर्यावरण हितैषी आयोजन करने पर नगर पालिका की ओर से सम्मानित किया। सीएमओ ने कहा कि अन्य धार्मिक सामाजिक संगठनों को भी इस आयोजन से संदेश ग्रहण करना चाहिए। गुरूद्वारे में जीरो वेस्ट आयोजन के लिए गुरूद्वारा श्री गुरू सिंघ सभा को सम्मानित किया गया।

## सिंधी कालोनी के कृपा धाम दरबार में मना प्रकाश पर्व

श्रीगुरुनानक देव के 555 वें प्रकाश पर्व जयंती पर नगर के सिंधी कॉलोनी स्थित कृपा धाम दरबार के साथ श्रीगुरुनानक देव दरबार में श्रद्धालुओं ने अरदास की। इस अवसर पर दरबार परिसर में श्रीगुरुग्रंथ साहिब के समक्ष पूज्य पंचायत सिंधी समाज के अध्यक्ष धर्मदास मिहानी के द्वारा विशेष पूजा अर्चना किया गया। वहीं अन्य पदाधिकारी की मौजूदगी में अनेक धार्मिक कार्यक्रमों को आयोजित किया गया। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा महाप्रसाद को ग्रहण कर धर्म लाभ अर्जित किया गया। इसके साथ ही श्रीगुरुनानक देव दरबार में भी प्रकाश पर्व मनाया गया। इस अवसर पर पूज्य पंचायत सिंधी समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सिंधी समाज की महिला पुरुष उपस्थित थे।

## पीपीटी कालेज में साइबर सिक्योरिटी पर व्याख्यान



**जागरण, इटारसी।** गुरुवार को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में कलम कला कलाकार की टीम ने दुनिया मे बढ़ते डिजिटल अपराधों के प्रति शिक्षको एवं छात्रों को जागरूक बनाने के लिए अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। संचालिका मंजुल एवं इरफ़ान ने बताया की युवा हमारे देश की अहम कड़ी है जो देश को तकनीकी रूप से प्रबल बनता है। प्रदेश के और भी विद्यालय एवं महाविद्यालय मे जगरूता के लिए व्याख्यान का सिलसिला जारी रहेगा। इसी क्रम में इस बार व्याख्यान के लिए मध्यप्रदेश पुलिस विभाग मे कार्यरत आनंद कुमार चौरे आईटी एक्सपर्ट के रूप में आमंत्रित किया गया। आईटी एक्सपर्ट द्वारा विद्यार्थियों को होने वाली विभिन्न साइबर सिक्योरिटी संबंधी जानकारी से अवगत कराते हुए सावधानी रखना एवं अनुभव शेयर किये। इस अवसर पर प्राचार्य आरके चोलकर, विद्यावती सूर्यवंशी, सहित 56 छात्राओं एवं 116 छात्र उपस्थित रहे।

## तीन दिनों तक नहीं होगा डीएमओ से खाद वितरण

**जागरण, इटारसी।** क्षेत्र के किसानों के द्वारा इन दिनों रबी फसलों की अपने-अपने खेतों में तैयारियां जोरों पर की जा रही हैं। लेकिन लंबे समय से किसान डीएपी खाद की समस्या से जूझ रहे हैं। वही 15 नवंबर से लेकर 17 नवंबर तक डीएमओ कार्यालय से खाद वितरण नहीं किया जाएगा। खेड़ा स्थित डीएमओ कार्यालय के द्वारा लंबे समय से डीएपी एवं अन्य खाद का वितरण समय-समय पर किया जा रहा है। कुछ समय पूर्व डीएपी खाद की समस्या उत्पन्न हो गई है। जिसके चलते प्रशासन के द्वारा टोकन जारी कर निर्धारित तारीखों में डीएपी खाद का वितरण किया गया।

### एसवीएम में बाल दिवस पर किया मनोरंजन

## बच्चों को सुनाई रोचक कहानियां गाए मनपसंद गीत, किया नृत्य



**जागरण, इटारसी।** न्यास कॉलोनी स्थित साईं विद्धा मंदिर में चिल्ड्रन्स डे के अवसर पर आज विभिन्न प्रतियोगिताऐं आयोजित की गयीं। संचालक आलोक गिरोटिया ने बताया कि नर्सरी केजी के बच्चों के लिये विशेष फन क्रिएटिविटी का आयोजन किया गया।

नर्सरी के बच्चों को रोचक कहानियां दिखाते हुये मनपसंद गीत ऑन डिमांड और नृत्य पूछकर बच्चों का मनोरंजन किया गया, विभिन्न खेलों में उनकी सहभागिता कराते हुये बैलून्स दिये गये तो केजी बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भागीदारी कराकर गीत व नृत्य के साथ उन्हें क्रेयान्स कलर भेंट किये गये। चेयर रेस, पिकिंग द ऑब्जेक्ट्स, हर्डल्स रनिंग, बर्सटिंग द बैलून, पुश द बॉल इन टू द होल, स्पून रेस जैसे मनोरंजक खेलों का बच्चों ने भरपूर लुत्फ उठाया।

## एलोकशन और डिबेट स्पर्धा प्रज्ञान स्कूल में हुई संपन्न




**जागरण, इटारसी।** प्रज्ञान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सनखेड़ा नाका में बाल दिवस के उपलक्ष्य में एलोक्यूशन व डिबेट कॉम्पटीशन आयोजित किया गया। एलोक्यूशन कॉम्पटीशन में कक्षा तीन से कक्षा सातवीं तक के विद्यार्थी ने हिस्सा लिया। जिसमें उन्हें क्रमरहित विभिन्न विषय दिए गए जिन पर उन्होंने अपने विचार रखें। विद्यार्थियों के आयु के अनुसार उन्हें जंक फूड के नुकसान, मोबाइल के अच्छे बुरे प्रभाव, किताबों का फिल्मों में बेहतर क्या, स्मार्ट वर्क या हार्ड वर्क में बेहतर क्या, जीवन के उद्देश्य, फ्रीडम फाइटर्स जैसे विषय दिए गए जिन पर बच्चों ने विस्तारपूर्वक अपनी बात रखी। कक्षा आठवीं, नवमीं तथा दसवीं के विद्यार्थियों ने डिबेट कॉम्पटीशन में भाग लिया, जिसमें उन्होंने क्या एआई ह्यूमन इंटेलिजेंस को स्थान्तरित कर देगा विषय पर परस्पर वाद विवाद किया। छात्रों ने अपनी जागरूकता का परिचय देते हुए एआई और ह्यूमन से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में डॉ श्रीमती एकता मालोनिया व श्रीमती स्वाति गुप्ता निर्णायक की भूमिका में रहे। निर्णायकद्वय ने बहुत ही बारिक निरीक्षण कर विजेताओं का चयन किया। संचालक दर्शन तिवारी व श्रीमती रितु तिवारी तथा प्राचार्य विजय राजपाल उपस्थित थे। कार्यक्रम प्रभारी सुश्री प्रेरणा तिवारी व सुश्री महिका मित्तल व श्रीमती अंजना जैन के सहयोग से दोनों कॉम्पटीशन संपन्न हुए। अंत के सभी अतिथियों का आभार श्रीमती स्वरलाता चेनिये के द्वारा किया गया।




## पंजाबी वेशभूषा में आए बच्चे, शबद और कीर्तन की दी गई प्रस्तुति

**जागरण, इटारसी।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त शहर के जीनियस प्लानेट सीनियर सेकंडरी स्कूल में बाल दिवस के साथ साथ गुरुनानक देव की जयंती को भी सेलिब्रेट किया गया। इस दौरान स्कूल के म्यूजिकल ग्रुप द्वारा शबद और कीर्तन की प्रस्तुति दी। छात्र छात्राओं ने गुरुनानक देव के जीवन का परिचय और उनके द्वारा सिखाई गई सिखावानियों को अपने शब्दों के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही की स्कूल के किंडर सेक्शन के नन्हे मुन्ने आज पंजाबी वेशभूषा में आए।

इसके साथ ही बाल दिवस पर बच्चों के खेलकूद का आयोजन किया गया। स्कूल का स्पोर्ट्स फ्लेग फहरा कर स्पोर्ट्स सॉन्ग म्यूजिकल टीम गाया गया। इस दौरान विभिन्न स्पोर्ट्स खेले गए। तत्पश्चात कक्षा 3 से कक्षा 12वीं तक के बच्चों ने 14 नवंबर की मानव आकृति बनाई और अपने चाचा नेहरू को अपनी सच्ची श्रद्धांजलि समर्पित की। इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टरद्वय जाफर सिद्दीकी, मनीता सिद्दीकी और प्राचार्य विशाल शुक्ला के साथ समस्त स्टॉफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शिक्षकों ने दी शिक्षाप्रद प्रस्तुति




**जागरण, इटारसी।** सेंट मेरीस को-एड सिनियर सेकेन्ड्री स्कूल इटारसी में बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक वर्ष में भी हर वर्ष की तरह हमारी शैक्षणिक संस्था सेंट मेरीस को-एड सिनियर सेकेन्ड्री स्कूल इटारसी में हर्षो उल्लास के साथ बाल दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी शुरूआत शिक्षकों द्वारा प्रार्थना से हुइ। शिक्षकों ने हर बच्चे में रचनात्मकता एवं विशेष शिक्षाप्रद प्रस्तुति द्वारा विद्यार्थियों का पथ प्रदर्शित किया गया। फादर रोनाल्ड कारडोजा एवं प्राचार्या सिस्टर मिना परमार ने दिल को छू लेने वाले संदेश बच्चों के साथ साझा किया। खास तौर पर इंटरनेट का सही इस्तेमाल एवं सोशल मिडिया से दूर रहकर विद्यार्थी जीवन में अग्रसर रहने पर प्रकाश डाला।

## बाल दिवस पर हुए कई रंगारंग कार्यक्रम



**जागरण, इटारसी।** आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल नया यार्ड में बाल दिवस पर कई प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें नींबू चम्मच दौड़ 100 एवं 200 मीटर दौड़, मेहंदी एवं रंगोली, कुर्सी दौड़, चित्रकला, जूते मोजे दौड़ प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान सामान्य ज्ञान, रंगोली प्रतियोगिता में अंजलि लुटारे प्रथम, रोशनी कठौतिया द्वितीय, मेहंदी प्रतियोगिता में रिया निषाद प्रथम, दिव्यांशी चौहान द्वितीय, सामान्य ज्ञान में तनुज भदोरिया प्रथम, रूपाली रजने द्वितीय, कुर्सी दौड़ में कशिश प्रथम, राशि कठौतीय द्वितीय रही। विद्यालय के प्राचार्य घनश्याम प्रसाद शर्मा द्वारा पं. जवाहरलाल नेहरू एवं उनके जीवन चरित्र के बारे में बारे में बताया गया।

## बौद्धिक और मनोरंजन खेल की प्रस्तुति



**जागरण, इटारसी।** न्यू यार्ड स्थित स्वर्गीय श्रीडीपी दुबे मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस मनाया गया, जिसमें बच्चों को बौद्धिक एवं मानसिक एवं मनोरंजन खेलों का आयोजन किया गया। सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण एवं टॉफी वितरण किया गया। संचालन प्राचार्य हरिशंकर सिंह ने किया। पुरस्कार वितरण श्रीमती अंकिता चौबे जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त स्कूल स्टाफ एवं बच्चे मौजूद रहे।

**शैक्षणिक भ्रमण** | एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल ने कराया बाल दिवस पर शैक्षिक यात्रा का आयोजन

# साइंस सेंटर में देखे विज्ञान के अनोखे प्रयोग, ट्राइबल म्यूजियम से जानी आदिवासियों की संस्कृति और कला



**जागरण, इटारसी।** बाल दिवस पर एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल ने बच्चों के लिए एक विशेष शैक्षिक यात्रा का आयोजन किया, जिसमें करीब 250 बच्चे, 25 शिक्षक और 10 सहायक कर्मचारी शामिल हुए। सभी बच्चे स्कूल की बसों से भोपाल के विभिन्न शिक्षाप्रद स्थलों का भ्रमण करने गए।

इस यात्रा के दौरान बच्चों ने भोपाल साइंस सेंटर, ट्राइबल म्यूजियम, वन विहार, और लेक व्यू का भ्रमण किया। प्रत्येक स्थान पर बच्चों ने नए अनुभव प्राप्त किए और महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की।

इस अवसरपर साइंस सेंटर में विज्ञान के अनोखे प्रयोगों को देखकर बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ी। ट्राइबल म्यूजियम में आदिवासी संस्कृति और कला को समझने का अवसर मिला। वन विहार में वन्यजीवों को नजदीक से देखकर पर्यावरण के प्रति जागरूकता आई। लेक व्यू में बच्चों ने प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। इस दौरान बच्चों और शिक्षकों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था एक पैलेस में की गई, जहां सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। शाम के समय नाश्ते की भी व्यवस्था की गई, ताकि पूरे दिन की यात्रा के बाद सभी को ताजगी महसूस हो।

शिक्षाप्रद यात्रा का आयोजन विद्यालय के डायरेक्टर्स सत्येंद्र पाल सिंह जग्गी, रश्मित सिंह जग्गी और श्रीमती सरबजीत कौर तथा प्राचार्य श्रीमती वर्षा नायडू एवं समस्त स्टाफ के सहयोग से संभव हुआ।

## विकासखंड केसला के भरगदा में हुए सांस्कृतिक आयोजन

**जागरण, इटारसी।** नर्मदापुरम जनजातीय महानायक महापुरुष भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भरगदा विकासखंड केसला आडोटोरियम में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष केसला गंगाराम कलमे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुजान सिंह रावत, एसडीएम श्रीमती नीता कोरी, जनजातीय कार्य विभाग जिला अधिकारी संजय द्विवेदी, क्षेत्र संयोजक हर्षित कौरव सहित समस्त विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी, विकास खंड केसला के प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी केसला श्रीमती आशा मोर्य, एकलव्य आवासीय विद्यालय की प्राचार्य एवं शिक्षकगण, अन्य विभागों के जिला अधिकारी, जनजातीय संवर्ग के जनसमुदाय/हितग्राही उपस्थित थे। कार्यक्रम में बिहार के जमुई से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन कार्यक्रम को लाइव प्रसारण के माध्यम से देखा एवं सुना गया।

इस अवसर पर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भरगदा के छात्र-छात्राओं द्वारा भगवान बिरसा मुंडा पर आधारित पेंटिंग एंव रंगोली बनाई गई एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। छात्रावास केसला की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम को प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में आदिवासी वित्त विकास निगम द्वारा संचालित भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत विकास खंड के इटारसी निवासी अजय उईके को 7.70 लाख रुपए के लागत से कुल निर्माण इकाई के लिए हितलाभ का चैक प्रदान किया गया। इसी प्रकार आरती उईके नर्मदापुरम को जनरल स्टोर्स के लिए 4.50 लाख रुपए कास्वीकृति पत्र प्रदाय किया गया। मनीष चौहान को जनजातीय कार्य विभाग में अनुकंपा नियुक्ति आदेश प्रदाय किया गया। भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर कार्यक्रम में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर पुरस्कृत किया गया।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, इटारसी**

**इश्तहार/प्रेस-विज्ञप्ति**

**रा.प्र.क्र. 0054 अ-20(3) वर्ष 2024-25**

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदकगण हितेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल दोनों आ. स्व. ज्ञानेन्द्र अग्रवाल निवासी वार्ड नं. 29, विपिन नगर, इटारसी तह. इटारसी द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 म.प्र.भू.रा. संहिता प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि नजूल शीट नं. 09 प्लाट नं. 45/9 रकबा 816 वर्गफुट भूमि जो नजूल अभिलेख में आवेदकगणों के पिता ज्ञानेन्द्र अग्रवाल के नाम पर दर्ज है। श्री ज्ञानेन्द्र अग्रवाल का निधन दिनांक 21/02/2023 को हो गया है एवं आवेदकगणों की माता श्रीमति प्रभा देवी अग्रवाल का निधन दिनांक 12/12/2023 को हो गया है। आवेदकगण ज्ञानेन्द्र अग्रवाल एवं स्व. श्रीमति प्रभा देवी अग्रवाल के विधिक उत्तराधिकारी है। इसके अलावा अन्य कोई नही है। आवेदकगण ज्ञानेन्द्र अग्रवाल के विधिक वारसान की हैसियत से उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर स्वयं का नाम राजस्व अभिलेखों में मालिक स्वामी के रूप में दर्ज कराना चाहते है। अतः आवेदकगणों द्वारा उक्त वर्णित संपत्ति पर स्वयं का नाम वारसान हक में राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है।

आवेदिका के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपत्ति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 19/11/2024 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा।

नोटः- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

**नजूल अधिकारी**
**इटारसी**

## न्यूज कार्नर

### जय सेवा जय जोहार, मावा नाटे मावा राज के नारे से गूंजा बैतूल

**जागरण बैतूल** पड़ापेन ठाना सदर में समस्त आदिवासी समाज संगठन के तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी और आदिवासी समाज के लोकनायक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पूरे उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के जिला अध्यक्ष सुंदरलाल उइके और संगठन के पदाधिकारियों द्वारा पारंपरिक पड़ापेन गोंगो के साथ हुआ। इसके बाद भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात पड़ापेन ठाना से एक भव्य बाइक रैली निकाली गई, जिसमें सैकड़ों सामाजिक बंधु शामिल हुए। रैली बालक छात्रावास पहुंची, जहां क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। बालक छात्रावास परिसर में उपस्थित सभी सामाजिक बंधुओं और अतिथियों ने जय सेवा, जय जोहार, बिरसा मुंडा अमर रहे, उलगुलान जिंदाबाद और मावा नाटे मावा राज जैसे नारे लगाए रैली बालक छात्रावास से आकाशवाणी रोड होते हुए कतलढाना अर्जुन नगर पहुंची, जहां भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर वरिष्ठ समाजसेवियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, समस्त आदिवासी समाज संगठन के जिला अध्यक्ष सुंदरलाल उइके, वरिष्ठ समाजसेवी सरवन मरकाम, आदिवासी कल्याण आकास जिला अध्यक्ष शंकर सिंह आहके, संजय धुर्वे, सोहनलाल धुर्वे, पूर्व पार्षद दुर्गा उइके, सुनील सलामे, देवेश्वरी मरकाम, अंतुलाल मर्सकोले, अखिलेश कवड़े, योगेश धुर्वे, शंकर सरियाम, जनकलाल मवासे, एस. एस. उइके, जितेंद्र सिंह इवने, अविनाश धुर्वे, भूपेंद्र पन्द्राम, कानुलाल उइके, रामदास उइके, अंकित कुमरे, सोहन वाड़ीवा, राजकुमार उइके, सुमित उइके, भरत भलावी, आदर्श धुर्वे, संगीता धुर्वे, सदन धुर्वे, सोनू वट्टी,रमेश भैया, रंजीत सिंह धुर्वे , गोपाल सरियाम सहित सहित सैकड़ों सामाजिक बंधु मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सुंदरलाल उइके ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे, वे आदिवासी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत भी हैं। उनकी संघर्ष गाथा हर पीढ़ी के लिए आदर्श है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों की अन्यायपूर्ण नीतियों और जमींदारी प्रथा के खिलाफ संघर्ष किया।

### बीपीएमयू की बैठक आयोजित

**गाडरवारा।** गत दिवस साईंखेड़ा के जनपद शिक्षा केंद्र मे विकासखंड प्रबंधन ईकाई; बीपीएमयू की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे बीआरसी संदीप स्थापक ने कहा कि सभी बीएसी व सीएसी परख राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण की तैयारी की दृष्टि से मॉक टेस्ट 2 के विश्लेषण के आधार पर कठिन प्रश्नों को हल करानेए पीएम पोषण आहार की मासिक व प्रतिदिन की उपस्थिति पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश सभी प्रधानपाठको को दें। इसके अलावा अर्धवार्षिक परीक्षा के कार्यक्रम का भी स्कूलों मे प्रचार प्रसार हो एवं एफएलएन सहित एटग्रेड अभ्यास पुस्तिकाओं का मूल्यांकन समय पर स्कूलों मे हो। उन्होंने बैठक मे स्कूलों की सघन मॉनिटरिंग से जुड़े निर्देश भी दिए। बैठक मे बीएसी मनीराम मेहरा पवन राजोरिया सहित जनशिक्षकों एवं एमआरसी वेदप्रकाश राजपूत व लेखापाल दीपक आरसे आदि उपस्थित रहे

### दुकानविहीन ग्राम पंचायतों के लिए 21 नवम्बर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**नरसिंहपुर।** नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार जिले के विकासखंड चीचली में दुकान विहीन 8 ग्राम पंचायतों में दुकान विहीन व विक्रेता विहीन नवीन उचित मूल्य दुकान के आवंटन के लिए प्रक्रिया ऑनलाइन सम्पन्न की जायेगी। विकासखंड चीचली में दुकान विहीन व विक्रेता विहीन नवीन उचित मूल्य दुकान ग्राम पंचायत नरसरा मोहपानीए बेलखेड़ी माल्हनवाड़ा नारगी अमाड़ा कनवास बटेसरा व खमरिया में आवंटित की जाना है।

इस संबंध में पोर्टल पर उक्त उचित मूल्य दुकान विहीन ग्राम पंचायतों के लिए पात्र संस्थायें 6 नवम्बर से 21 नवम्बर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। दुकान आवंटन की कार्रवाई अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गाडरवारा द्वारा की जायेगी। यह जानकारी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गाडरवारा ने दी है।

# मां ताप्ती की चुनरी पद यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

## श्रद्धा और आस्था के साथ मां ताप्ती को अर्पित की चुनरी





**जागरण, बैतूल।** कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पूर्व विधायक निलय विनोद डागा और उनकी पत्नी श्रीमती दीपाली निलय डागा के नेतृत्व में आयोजित 8वीं ताप्ती चुनरी पद यात्रा में श्रद्धा और आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। किसानों और गरीब वर्ग की समृद्धि की कामना के लिए आयोजित इस धार्मिक यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। चुनरी पद यात्रा की शुरुआत 15 नवंबर को प्रातः 7 बजे बैतूल के लल्ली चौक स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पूजन-अर्चन के साथ हुई। यह यात्रा थाना चौक, टिकारी अखाड़ा चौक, कारगिल चौक, सदर, ग्राम धनोरा, भडूस, महदगांव, डहरगांव और खेडी गांव से होते हुए दोपहर 3 बजे ताप्ती घाट पहुंची। ताप्ती घाट पर सूर्यपुत्री और जीवनदायिनी मां ताप्ती को चुनरी अर्पित की गई। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

यात्रा के दौरान श्रद्धालु जय माता ताप्ती के जयकारे लगाते हुए उत्साह के साथ नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे। यात्रा में डीजे की धुन ने माहौल को और अधिक भव्य बना दिया। श्रद्धालुओं का जोश देखते ही बनता था। निलय डागा ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य मां ताप्ती की महिमा का प्रचार-प्रसार करना और क्षेत्र के किसानों एवं गरीब वर्ग की खुशहाली के लिए प्रार्थना करना है। उन्होंने 11 वर्षों तक यह यात्रा आयोजित करने का संकल्प लिया है। पिछले 7 वर्षों से श्री डागा और श्रीमती दीपाली डागा इस यात्रा का सफलतापूर्वक आयोजन कर रहे हैं। आज यह यात्रा बैतूल जिले के प्रमुख धार्मिक आयोजनों में शामिल हो चुकी है। इस यात्रा में महिलाओं, युवाओं और किसानों की बड़ी संख्या में भागीदारी देखने को मिली। श्रद्धालु ताप्ती घाट पर चुनरी अर्पित कर मां ताप्ती का आशीर्वाद लेने पहुंचे।पूर्व विधायक निलय डागा और श्रीमती दीपाली डागा ने यात्रा में भाग लेने वाले समस्त श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया और इस आयोजन को उनकी आस्था और सहयोग का परिणाम बताया। ताप्ती चुनरी पद यात्रा, श्रद्धा, आस्था और क्षेत्रीय समृद्धि के लिए प्रार्थना का प्रतीक बन चुकी है।चुनरी यात्रा में प्रमुख रूप से श्रद्धालु लोकेश पगारिया, बबलू वाघमारे, अजाबराव झरबडे, डैनी भावसार, डब्बू जैन, आशीष राठौर, जय सोनी, डॉ विनय चौहान, बब्बा राठौर, मोनू बडोनिया, प्रशांत राजपूत, तिलक गोरिया, गब्बर गोचरे, नारायण सरले मौजूद रहे।

# किसानों से धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़



**जागरण, बैतूल।** किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का का भंडाफोड़ कर दिया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी फरार चल रहा है। एसपी निश्चल एन. झारिया ने बताया कि फरियादी विजय पिता गुरखा ऊईके, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम पाटादा, थाना आठनेर ने 07 नवंबर को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने अपने ट्रैक्टर (मैसी कंपनी, लाल रंग, रजिस्ट्रेशन नंबर MP-48-B-0280) को आर्थिक जरूरत के चलते किराए पर देने का सौदा किया। आरोपी राजेश विजयकर ने यह ट्रैक्टर झूठे कागजात बनवाकर अन्य लोगों को किराए पर दे दिया और बलपूर्वक ट्रैक्टर छीन लिया। आठनेर पुलिस द्वारा एक बड़े अंतरराज्यीय धोखाधड़ी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के मुख्य आरोपी सहित अन्य सदस्यों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। यह गिरोह ग्रामीण और आदिवासी अंचल के लोगों को आर्थिक मजबूरी का फायदा उठाकर धोखाधड़ी से उनके वाहन हड़पने और पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में बेचने का कार्य कर रहा था। वही विजय पिता गुरखा ऊईके ने भी इसी तरह की शिकायत की थी। एसपी ने बताया कि आरोपी राजेश विजयकर ने फरियादी विजय के ट्रैक्टर को अपना बताते हुए कपूरचंद आठोले और उनके बेटों राकेश और करण आठोले को किराए पर दिया। जांच में आरोपियों के खिलाफ साजिश और धोखाधड़ी के पुख्ता सबूत मिले। थाना आठनेर में आरोपियों पर धारा 318, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक राजेश विजयकर की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में पुलिस ने भारी मात्रा में संपत्ति बरामद की है। चोरी किया गए सामन में 24 मोटरसाइकिलें, 3 ट्रैक्टर, 1 महिंद्रा बोलेरो, 1 महिंद्रा जायलो, 1 महिंद्रा पिकअप, 1 छोटा हाथी वाहन, 6 थ्रेसर मशीनें, 12 कृषि उपकरण (कल्टीवेटर और रोटावेटर) शामिल है।

## स्कूल शिक्षा मंत्री ने लिया राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं का जायजा

# 68वीं 17 आयु वर्ग में बालक बालिका राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ आज



**जागरण,गाडरवारा।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने स्थानीय पुराना कॉलेज के पास रूद्र मैदान पहुंचकर 16 नवंबर से प्रारंभ होकर 20 नवंबर तक आयोजित होने जा रही 68 वी राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मैदान एवं मंच का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं के रुकने हेतु आवास व्यवस्था सहित प्रतियोगिता से संबंधित अन्य व्यवस्थाओं से जुड़ी जानकारी भी ली एवं कहा कि गाडरवारा मे पहली बार राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता बड़ा आयोजन है जिसमें देश के राज्यों से छात्र छात्राएं, कोच, मैनेजर सहभागिता करेंगे। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मिल जुलकर आपसी तालमेल से बेहतर कार्य करते हुए उत्कृष्ट व्यवस्थाएं दें एवं प्रतियोगिता संपन्न कराएं। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि गण भाजपा नेता गण एवं एसडीमएम श्रीमती कलावती ब्यारे जिला शिक्षा अधिकारी अनिल ब्योहार एवं स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के उल्लेखनीय प्रयासों से हो रहा है। आयोजन हेतु जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विभिन्न समितियों मे ड्यूटी लगाई गई है

### प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत रहेंगे मौजूद

**जागरण,गाडरवारा।** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार 17 वर्षीय बालक बालिका आयु वर्ग में 68 वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता 2024-25 का उद्घाटन समारोह 16 नवंबर को दोपहर 12 बजे स्थानीय पुराना कॉलेज स्थित रूद्र मैदान में आयोजित किया जायेगा। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत होंगे। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह करेंगे। समारोह मे लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा पूर्व विधायक नरेश पाठक श्रीमति साधना स्थापक विशिष्ट अतिथि के रूप मे शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि 20 नवंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के सभी मान्यता प्राप्त प्रदेशों ;काईयों के लगभग 672 प्रतिभागीए खिलाड़ी एवं 140 ऑफीशियल्स भाग लेंगे। आयोजन समिति ने गणमान्य नागरिकों, खेलप्रेमियों एवं पत्रकार बंधुओ से समारोह मे उपस्थित होने की अपील की है।

# बैतूल में दो सड़क हादसों में दो की मौत

**बैतूल।** बैतूल में दो बाइक की टक्कर और एक अन्य हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों हादसे आठनेर थाना इलाके में हुए। पहली घटना बलाल ग्राम बगदरी के पास की है। 9 नवंबर को दो बाइक की आपस में जोरदार टक्कर हो गई थी जिसमें 42 वर्षीय युवक रमेश गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका इलाज बैतूल के एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा था, जहां उसकी मौत हो गई। घटना के बाद घायल को गंभीर हालत में पहले बैतूल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पर घायल की हालत गंभीर होने के कारण उसे भोपाल रेफर कर दिया गया था। इसके बाद परिजन युवक को वापस बैतूल लेकर आ गए जहां बैतूल के एक प्राइवेट अस्पताल में घायल का इलाज चल रहा था जिसकी शुक्रवार इलाज के दौरान मौत हो गई। दूसरी घटना भीमपुर के पास की है । जहां अज्ञात वाहन की टक्कर से 23 वर्षीय युवक अलकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाते समय उसकी मौत हो गई। अलकेश पिता सरजे राव कसदे (23) ग्राम खोदरी थाना आठनेर का रहने वाला था। युवक अपनी बाइक लेकर घर से कहीं गया हुआ था। पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दी गई की गुरुवार रात 7 से 8 बजे के करीब युवक का भीमपुर के पास एक्सीडेंट हो गया है जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे भीमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जिसके बाद परिजन भीमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बैतूल जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया की युवक मिस्त्री था जो मकान निर्माण का काम करता था। युवक चार बहनों में एक ही भाई था और युवक की अभी शादी भी नहीं हुई थी।

## श्री गुरुनानकदेव जी का 555 वां प्रकाश पर्व बैतूल जिले में एकता व सद्भाव की मिसाल बन गया



**बैतूल।** शहर में इस बार श्री गुरुनानक देव जी का 555 वां प्रकाश पर्व पूर्ण हर्षोल्लास से सांस्कृतिक कार्यक्रमों, शबद कीर्तन, कविता पाठ, अखंड पाठ, नगर कीर्तन यात्रा व लगातार दस दिनों तक ब्रह्म मुहूर्त में प्रभातफेरी निकालकर कई सेवा कार्य करते हुए मनाया गया। जिसमें अन्य वर्षो की अपेक्षा इस बार चार गुना अधिक श्रद्धालु पहुंचे। सर्वप्रथम 11 नवंबर सोमवार को निकाले गए नगर कीर्तन में आगरा से आए चार साहिबजादे इंटरनेशनल गतका दल के हैरतअंगेज करतब आकर्षण का केंद्र रहे। पंज प्यारे की अगुआई में निकले नगर कीर्तन का शहर के प्रमुख मार्गों में पुष्प वर्षा, शीतल शरबत व मिठाई वितरण कर शहर के कई व्यापारियों व सामाजिक संस्थाओं ने भव्य स्वागत किया वहीं दूसरे दिन मंगलवार को श्री गुरुनानक जयंती पर गुरुद्वारे में कई कार्यक्रम आयोजित हुए प्रातः11 बजे से शबद कीर्तन व दोपहर एक बजे से विशाल लंगर का आयोजन किया गया जिसमे लगभग पाँच हजार से अधिक लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। दिन भर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। दस दिनों तक लगातार ब्रह्मवेला में प्रभातफेरी भी निकाली गई। बैतूल के गुरु घर के वजीर भाई अरविंदर सिंघ जी की अमृतवाणी और उनके रागी जत्थे ने गुरुद्वारे और नगर कीर्तन यात्रा में सुमधुर शबद कीर्तन की प्रस्तुति देकर संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। कई अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों व पत्रकारों ने भी गुरुद्वारे पहुँचकर मत्था टेका व लंगर छका। जिसमें भाजपा विधायक हेमंत खंडेलवाल, श्रीमती रितु खंडेलवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, पूर्व विधायक निलय डागा, दीपाली डागा, मुकेश खंडेलवाल, प्रदीप खंडेलवाल, पूर्व विधायक शिवप्रसाद राठौर, पार्षद विकास प्रधान सहित कई पत्रकार, गणमान्य नागरिक और हजारों श्रद्धालु शामिल थे। शाम 7.0 बजे से 9 बजे तक पुनः दीवान सजा उपरांत गुरु का लंगर आयोजित हुआ। लंगर प्रसादी बनाने और वितरण की सेवा में सिख सेवादारों ने पूरी तत्परता व लगन से सेवा की जिम्मेदारी निभाई कार्यक्रम के समापन पर उन सभी का प्रधान द्वारा सरोपा भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों शबद गायन प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को प्रमाण पत्र व अन्य पुरुस्कार भी वितरित किये गए।

# जिले में चयनित कालेजों आईटीआई में हुआ शिविर का आयोजन



**नरसिंहपुर।** भारत सरकार द्वारा पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत युवाओं को देश की शीर्ष 500 कम्पनियों में इंटर्नशिप प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। युवाओं का अधिक से अधिक पंजीयन कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 14 नवम्बर को प्रातः जिले के चयनित कॉलेजों आईटीआई में शिविर का आयोजन किया गया। ये कैम्प शासकीय पीजी कॉलेज नरसिंहपुरए शासकी पीजी कॉलेज गाडरवारा, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज नरसिंहपुर शासकीय आईटीआई नरसिंहपुर, गाडरवारा, गोटेगांव व तेंदूखेड़ा, मॉडल प्रायवेट आईटीआई नरसिंहपुर परमहंस प्रायवेट आईटीआई नरसिंहपुर मीनाक्षी प्रायवेट आईटीआई करेली जारोलिया प्रायवेट आईटीआई निवारी पान करेली महाराणा प्रताप प्रायवेट आईटीआई गाडरवारा ब्रिज प्रायवेट आईटीआई गाडरवारा व तेंदूखेड़ा प्रायवेट आईटीआई तेंदूखेड़ा में लगाये गये। शिविर के सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन की ओर से अधिकारी. कर्मचारियों की कॉलेजवार व आईटीआईवार ड्यूटी लगाई गई।

# गौ शाला में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन



**जागरण गाड़रवारा।** चीचली ब्लॉक के अंतर्गत चौगान किला के पास राती करार पटकुही मार्ग के ग्राम डोंगरा खोह की गौ शाला आश्रम में गौ माता के सानिध्य में एवं त्यागी स्नेह लता दीदी के मार्गदर्शन में सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का मूल पाठ का समापन हवन की पूर्णाहुति एवं कन्या भोज व भंडारे के साथ हुआ। कथा के अंतिम दिवस में कथावाचक अभिषेक मिश्रा जी के मुखारविंद से भगवान श्री कृष्ण एवं मित्र सुदामा का मार्मिक प्रसंग तथा गौ माता की सेवा एवं श्रीमद् भागवत कथा सुनने का महत्व बताया गया। कथा के समापन बाद आरती के बाद हवन कर पूर्णाहुति हुई एवं गौ माता की पूजन उपरांत कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें आसपास क्षेत्र के भक्तगण बड़ी संख्या में पहुंचे और उन्होंने भंडारा प्रसादी पाया। इस अवसर पर त्यागी स्नेह लता दीदी ने बताया कि गौ माता में सभी देवी देवताओं का वास होता है साथ ही ऐसे धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र का माहौल भी सुख शान्ति से निर्मित होती है तथा कथा का श्रवण करने से हर जीव का उद्धार होता है। उन्होंने सभी गौ भक्तों से अपील कर कहा है कि हम सभी को गौशाला में रह रही गौमाता की सेवा के लिए आगे आना चाहिए चाहे व श्रम दान हो या गौ माता के ग्रास दान की बात हो।

# बाल दिवस पर कलेक्टर ने किया बच्चों से संवाद



**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने पीएमश्री के अंतर्गत टीएलएम मेलाए तेजस्वी प्रदर्शनीए विज्ञान मेला के अलावा बाल दिवस पर मनोरंजन मेला का शुभारंभ पीएम श्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में किया।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अब बालिकाएं न सिर्फ अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा रही हैं, बल्कि स्वयं आगे आकर सामाज के लिए मिसाल भी कायम कर रही हैं। वर्तमान में लड़का-लड़की के बीच का भेद खत्म हो रहा है। माता-पिता भी अपनी बच्ची को पढ़ा-लिखा कर आगे बढ़ाने में सहयोग कर रहे हैं। लड़कियों की सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी है।यौन अपराधों से बच्चों को संरक्षण देने के उद्देश्य से पॉक्सो प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल अफेंसेस एक्ट अधिनियम बनाया गया है। इस कानून के अंतर्गत नाबालिग बच्चों के प्रति यौन उत्पीड़न, यौन शोषण जैसे यौन अपराध और छेड़छाड़ के मामलों में कार्रवाई की जाती है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और किशोर न्याय, बच्चों की देखभाल और उनके संरक्षण से संबंधित अधिनियम के बारे में भी जानकारी दी। यह आपके जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा इनसे संबंधित कार्यशाला और विशेष सेशन का आयोजन भी कराया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती पटले ने छात्राओं से कहा कि कोई भी काम किसी भी क्षेत्र से संबंधित हो उसको करने के लिए सबसे पहले स्वयं की रूचि होनी चाहिए। कड़ी मेहनत और लगन से कठिन से कठिन कार्य में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन के सफर में कई कठिन रास्तों से गुजरना पड़ता है, कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, पर अगर हम जुनून के साथ उस कार्य को पूरा करने का निश्चय करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। सफलता में मेहनत और धैर्य दो सबसे महत्वपूर्ण अंग है। सफलता की राह में आपका आपके परिवार, शिक्षक और समाज के साथ व्यवहार बड़ी पूंजी होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि ज्यादा समय अपने मोबाइल में बर्बाद नहीं करें। किताबों को ज्यादा पढ़ें। अपने देश विदेश में होने वाली महत्वपूर्ण गतिविधियों की जानकारी रखें इसके लिए समाचार पत्रए आल इंडिया रेडियो और अन्य संसाधनों की मदद लें। यह आपके व्यक्तिगत जीवन के साथ. साथ समाज और देश को नई दिशा प्रदान करेगा। उन्नत समाज व्यक्ति के लिए अच्छा वातावरण निर्मित करता है। कलेक्टर ने छात्राओं से हुए संवाद में हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बारे में बच्चों से पूछा। कलेक्टर श्रीमती पटले ने बताया कि अमेरिका के अब तक के इतिहास में कभी कोई महिला राष्ट्रपति नहीं बनी है। हमारे देश में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री, राज्यपाल जैसे महत्वपूर्ण ओहदे पर महिलाएं रही है। हमारे देश में महिलाओं के लिए सभी पदों व संभावनाओं के लिए द्वार खुले हैं। वे आगे बढ़ने के लिए अपनी ओर से हरसंभव प्रयास करें। शासन और समाज उनके साथ है। महिलाएं आज सभी क्षेत्रों में आगे हैंए चाहे वह राजनीतिक होए सामाजिक हो या शिक्षा सभी में अपनी क्षमता का प्रदर्शन बखूबी कर रही है। किसी भी देश और समाज का विकास तभी संभव है जब महिलाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। बाल दिवस पर मनोरंजन मेला में 33 छात्राओं द्वारा विभिन्न व्यंजनों के स्टाल लगाए गए।

## बाल अधिकार सप्ताह 2024 की हुई शुरुआत

**जागरण, टिमरनी।** 14 नवंबर राष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक शाला बघवाड में बच्चों के साथ बाल अधिकारों, पॉक्सो एक्ट और अच्छे स्पर्श, बुरे स्पर्श जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित, सशक्त और जागरूक नागरिक बनाना था। शेडो संस्था की कविता सोनकिया ने बताया कि संस्था पिछले 10 वर्षों से 14-20 नवम्बर तक बाल अधिकार सप्ताह के रूप में कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है। इस दौरान जिले की विभिन्न शालाओं में बच्चों के अधिकारों, लैंगिक सुरक्षा और जागरूकता से जुड़े संवाद आयोजित किए जाते हैं। इस सप्ताह के दौरान बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है, जो बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने और हुनर को मंच देने का काम करता है। इस कार्यक्रम में संस्था के निकिता, वाणी, रोहित शामिल रहे।

## डेम से गाद निकालने के दिए निर्देश

**जागरण, हरदा।** विधायक डॉ रामकिशोर दोगने अपने क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान इमली ढाना डैम पहुंचे और डैम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि डेम में गाद भरी होने के कारण ग्राम जटपुरा, सांगवा, सोनपुरा, कडोला के किसानों को पर्याप्त पानी नही मिल रहा है। इस हेतु गर्मी के मौसम में जब डेम में पानी कम हो तब गाद निकाली जाकर डेम की गहराई बढाई जावे, जिससे की डेम में अधिक पानी का संग्रहण किया जा सके और किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सके। साथ ही डेम के किनारे पर्यटन स्थल बनाने, नहरों की आरसीसी लाईनिंग कराये जाने व किसानों को पानी देने के लिए वाटर कोस का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु मौके पर उपस्थित जल संसाधन विभाग के एसडीओ सुदीप निसौद, इंजिनियर अनूप पाठे एवं दूरभाष पर जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री डीके सिंह को निर्देशीत किया।

### घटना से आक्रोशित परिजनों ने शव को कलेक्टर बंगले के सामने रखकर किया प्रदर्शन

# रास्ते के विवाद में परेशान किसान ने जहर खाकर कर ली आत्महत्या



**जागरण, हरदा।** एक बुजुर्ग किसान ने रास्ते के विवाद को लेकर आत्महत्या कर ली, जिसके बाद नाराज परिजनों ने मृतक के शव को हरदा के कलेक्टर बंगले के सामने रखकर प्रदर्शन किया। पूरा मामला हरदा के टिमरनी थाना क्षेत्र का है। गुरुवार को टिमरनी के डगावानीमा गांव के 72 साल के बुजुर्ग किसान बाबूलाल जाट ने मार्ग विवाद को लेकर जहरीली दवा खा ली, जिसके बाद किसान को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान गुरुवार शाम किसान की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि मृतक को लगातार धमकी मिल रही थी और पांच साल से परेशान किया जा रहा था। परिजन आरोपियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### दो पक्षों में रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था

मिली जानकारी के अनुसार बीते कई सालों से मृतक बाबूलाल जाट का गांव के ही रामेश्वर गोल्या के साथ रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों पक्ष रास्ते को निजी जमीन होने का दावा कर रहे थे, जिसका प्रकरण तहसीलदार न्यायालय में चल रहा है। मृतक बाबूलाल जाट के बेटे सुनील जाट ने आरोप लगाया है कि रामेश्वर गोल्या ने हमारी जमीन पर बोरिंग करवा ली। जब आरआई, पटवारी ने सीमांकन किया तो बोरिंग सरकारी जमीन के बीच में आ रही थी। मामले को लेकर हरदा तहसीलदार को आवेदन दिया तो उन्होंने गलत ऑर्डर निकाल दिया।

### निजी जमीन को तहसीलदार ने बता दिया सरकारी

सुनील जाट तहसीलदार पर भी आरोप लगाए और कहा तहसीलदार ने हमारी जमीन को टिमरनी तहसील के अंतर्गत आने वाली जमीन बता दिया, जो उनके कार्यक्षेत्र से बाहर आता है और हमारी निजी जमीन को सरकारी बता दिया, जिसके चलते उनके पिता को खेत में जाने का रास्ता नहीं बचा। साथ ही सुनील जाट ने ये भी आरोप लगाया कि रामेश्वर गोल्या का बेटा राहुल गोल्या हमारे परिवार को जमीन बेचने की धमकी देता रहता है।

### तीन दिन पहले मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की थी

बाबूलाल जाट के दूसरे बेटे राजेंद्र ने बताया कि तीन दिन पहले मयंक जाट ने उनके साथ मारपीट की, जिसकी रिपोर्ट पुलिस थाना टिमरनी में दर्ज कराई गई थी। राजेन्द्र ने ये भी आरोप लगाया कि 14 नवंबर को राहुल, मयंक और रामेश्वर ने उनके पिता के साथ फिर से झगड़ा किया, जिससे परेशान होकर बाबूलाल ने सल्फास की गोली खाकर आत्महत्या कर ली।

### दो खेतों के बीच की काकड़ का विवाद था

दूसरी तरफ मामले को लेकर हरदा तहसीलदार लबीना घाघरे ने कहा कि मृतक बाबूलाल जाट और उनके पडोसी रामेश्वर गोल्या के बीच 2022 से रास्ते का विवाद चल रहा है। दोनो पक्षों ने अतिक्रमण किया हुआ है। दो खेतों के बीच की काकड़ का विवाद था, जिसमें मृतक बाबूलाल जाट ने एक कोने में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया था। दोनों पक्षों ने तहसीलदार न्यायालय में प्रकरण लगाए थे। दोनों पक्षो को अपनी-अपनी जमीन में रहने के आदेश दिए गए थे।

### लिखित आश्वासन के बाद शव लेकर हुए रवाना

बंगले के सामने शव रखकर प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों को सयुंक्त कलेक्टर रजनी वर्मा, एएसपी आरडी प्रजापति ने समझाने की कोशिश की। उन्होंने शव को कलेक्टर निवास के सामने से हटाने के लिए कहा, लेकिन परिजनों और रहवासियों से उनकी बहस हो गई। सयुंक्त कलेक्टर रजनी वर्मा ने मृतक के परिजनों को कार्रवाई को लेकर लिखित में आश्वासन दिया है। इसके बाद परिजन शव को लेकर गांव चले गए।

### यह दिया लिखित में

मैं संयुक्त कलेक्टर 16 नवंबर को मौका मुआयना करुंगी। यदि तहसीलदार के आदेश में ग्राम डगांवानीमा और वहाला के बीच खसरा नंबर 40, 41, 42 तहसील टिमरनी ग्राम वहाला और 135/2 के बीच यदि शासकीय भूमि नही होगी तो तहसीलदार पर कार्यवाही की जायेगी।

आरोपियों की गिरफ्तारी, आत्महत्या के लिये बाध्य करने की धारा लगाकर दो दिन में सुनिश्चित की जायेगी। जो केस चल रहे हैं उनका निराकरण सात दिवस में एसडीएम से फाइनल किया जायेगा। शासकीय रास्ते पर अपराधकर्ता द्वारा जो अतिक्रमण किया गया उसको ट्युबवेल सहित तीन दिन में हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

# शहडोल में हुए कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया



**जागरण, टिमरनी।** स्वाधीनता नायक बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर शहडोल में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ राजेंद्र शुक्ल, जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। शहडोल में बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली शामिल हुए।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा जबलपुर के राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय और छिंदवाड़ा के बादल भोई जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय का वर्चुअल लोकार्पण एवं भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर रूपये 150 का स्मारक सिक्का भी जारी किया गया। शासकीय स्नातक महाविद्यालय टिमरनी में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। सीधे प्रसारण के पूर्व महाविद्यालय में जननायक बिरसा मुंडा की फोटो पर माल्यार्पण किया गया। बिरसा मुंडा को याद करते हुए डॉ महेन्द्र सिंह तड़वाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शौर्य, साहस और निडरता के साथ शोषण के खिलाफ मात्र पच्चीस वर्ष की उम्र में अंग्रेजी हुकूमत को हिला देने वाले, सामंतवादी, जमींदारी शोषण व्यवस्था को झकझोर कर ध्वस्त करने वाले महान क्रांतिकारी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती को मनाना तभी सार्थक होगा, जब हम उन्हें केवल पूजा का पात्र न बनाकर जीवन का हिस्सा बनाएं एवं उनके बताएं मार्ग पर चलें।

प्राचार्य डॉ जेके जैन ने कहा कि महानायक बिरसा मुंडा जी का जीवन हमारी आने वाली पीढ़ियों को यह संदेश देता है कि जीवन कितना लंबा है, ये मायने नही रखता, जीवन कितना महान है ये मायने रखता है। सुनीत काशिव ने कहा कि जितनी उम्र में सामान्य व्यक्ति खुद को समझने में लगा देता है, उतनी उम्र में ये महामानव समाज के लिए और देश के लिए एक युगपुरूष के रूप में कार्यों अंजाम देते हुए संदेश छोड़ जाता हैं कि आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसे जीना है और कैसे मरना है।

धर्मेन्द्र जमरा ने बिरसा मुंडा जी को नमन करते हुए कहा कि धन्य है ये माटी के पूत जो अज्ञानता की बीच लोगों को खुद को समझना और लड़ना सिखाया। इस दौरान महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ जैन, डॉ महेन्द्र सिंह तड़वाल, धर्मेन्द्र जमरा, सुनीत काशिव, दीपक मालाकार, डॉ नितेश कनाठे, कुन्दन कैथवास, नर्मदा बामने, रामभरोस मानकर सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गांव-गांव में बिक रही अवैध शराब, बिखर रहे परिवार

**जागरण, खिरकिया।** अंग्रेजी और देशी शराब का ठेका लेने वाले ठेकेदार ने गांव-गांव अपनी अवैध दुकानें खुलवा दी हैं। यहां पर शराब अब बेरोक टोक बिक रही है। जिसका नतीजा यह निकल रहा है कि लोग जमकर नशा कर रहे हैं, जिससे कई परिवार टूट रहे हैं, तो वहीं वाहन दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है। जगह-जगह खुली शराब की दुकानों में धडल्ले से बिक रही शराब को देखकर भी आबकारी पुलिस शराब ठेकेदारों के सामने लाचार है। आबकारी पुलिस को यह जानकारी होने के बाद भी अवैध रूप से शराब का कारोबार करने वाले ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। खिरकिया तहसील क्षेत्र में ठेकेदारों ने देशी एवं अंग्रेजी शराब बेचने के ठेके लिए हैं। ठेका शहरी क्षेत्र के अंदर ही शराब बेचने का होता है, जिसकी शर्तें आबकारी विभाग एग्रीमेंट करके लागू भी करता है। ठीक इसी तरह दुकान क्षेत्र के अंदर ही शराब बिक्री करने का प्राविधान रखा गया है, सीमा के बाहर नहीं और वो भी एक स्थान से यानी की दुकान से ही शराब की बिक्री होता है, लेकिन शराब की दुकानों से तो शराब बीना समय निर्धारण के अपने हिसाब से बेची जा रही है। क्षेत्र में आबकारी विभाग का कोई भी नियम शर्तें नहीं चलता। यहां पर ठेकेदार की मर्जी चलती है, जिसके कारण आज गांव-गांव अवैध रूप से शराब की छोटी छोटी दुकानें खुलवाकर गैर कानूनी ढंग से बिक्री हो रही है। कोई रोकने और टोकने वाला नहीं है।

### शराब के कारण टूट रहे कई परिवार

विकासखंड क्षेत्र कई परिवार तो ऐसे हैं, जिनके पति शराब के कारण अपने कार्य पर भी नहीं जा रहे हैं। जिसके कारण परिवारों के भरण पोषण के लिए महिलाएं मजदूरी कर रही हैं। कई परिवार टूट चूके हैं और कई टूटने की कगार पर पहुंच गए हैं। कुछ परिवारों में आज भी पति-पत्नी की बीच लडाई-झगडे हो रहे हैं। इन दिनों आबकारी विभाग ठेकेदारों के इशारे पर कच्ची शराब के खिलाफ धरपकड कर रहा है, किंतु गांव-गांव चल रही अवैध कुचियों पर अब तक किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### इसी रोड पर हैं शासकीय कार्यालय

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने संचालित अंग्रेजी, देसी शराब दुकान को हटाने को लेकर पूर्व में नागरिकों सहित महिलाओं के द्वारा दुकान के सामने धरना प्रदर्शन भी किया जा चुका है, बावजूद दुकान नहीं हटी और प्रशासन ने मामले को रफा दफा कर दिया। देखा जाए तो उसी रोड पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जनपद पंचायत, महिला बाल विकास, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, सिविल कोर्ट संचालित है।

# राजनीतिक अखाड़ा बना बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम, नेता मंच पर भिड़े



**जागरण, रहटगांव।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय रहटगांव में जनजाति गौरव दिवस जिला प्रशासन हरदा द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। हितग्राही प्रमाण पत्र बांटे गए। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर आदित्य सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, हरदा विधायक आरके दोगने, टिमरनी विधायक कुं अभिजीत शाह, जनपद उपाध्यक्ष अनिल वर्मा, छात्रावास प्राचार्य कविता आर्य सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों की मौजूदगी में हुए कार्यक्रम में जहां यह कार्यक्रम भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का था, वहीं इस कार्यक्रम ने एक राजनीतिक रूप भी ले लिया। कार्यक्रम में कांग्रेस और बीजेपी द्वारा एक दूसरे पर मंच से बयानबाजी भी की गई। एक दूसरे को खरीखोटी सुनते हुए भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत ने कहा कि जो विकास भाजपा सरकार ने किया है, वह कभी कांग्रेस कारा नहीं पाई। भाजपा सरकार में कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं। वहीं हरदा विधायक आरके दोगने ने कहा कि सरकार का काम विकास करना है, वह कोई सी भी सरकार हो, झूठी वाहवाही लूटना नहीं। उन्होने कहा यह एक राजनीतिक मंच नहीं है। उन्होंने बच्चों को भी पढ़ाई करने के मंत्र भी दिए। वहीं टिमरनी विधायक अभिजीत शाह ने कहा कि अभी तक वनांचल में ऐसे कई ग्राम है जहां पक्की सड़क नहीं है। मैं कांग्रेस का विधायक हूं पर मेरे द्वारा भाजपा सरकार से ही है पूरे कार्य कराऐ जा रहे हैं। पूर्व विधायक ने कोई विकास कार्य नहीं किया। वहीं मंच पर मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह ने कहा कि आदिवासी समाज ने आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस प्रकार पूरा मंच राजनीतिक मंच हो गया, जहां पर नेता एक दूसरे पर कटाक्ष करते हुए दिखे। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का जो कार्यक्रम जिला प्रशासन द्वारा रखा था, वह एक तरफ, नेता एक दूसरे पर कटाक्ष करते रहे। कार्यक्रम सुबह 9.30 बजे से शुरू हुआ जो दोपहर 2.00 बजे तक चलता रहा। इस दौरान कार्यक्रम काफी विलंब होने से बच्चे भी परेशान दिखे। इस दौरान कांग्रेस और भाजपा के जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता सहित स्कूल स्टाफ, ग्राम पंचायत सरपंच सचिव कैलाश बिल्लारे, एवं स्कूल के बच्चे, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# छात्रों के बनाए गए मॉडल का दिल्ली में हुआ प्रदर्शन



**जागरण, टिमरनी।** सरस्वती विद्या मंदिर में नीति आयोग भारत सरकार द्वारा प्रदत्त अटल टिंकरिंग लैब के छात्रों द्वारा बनाये गए प्रोजेक्ट का आईआईटी दिल्ली में प्रदर्शन हुआ। विद्या भारती और उन्नत भारत अभियान के संयुक्त तत्वाधान में इस वर्ष आयोजित तीन दिवसीय टेकेथान आईआईटी दिल्ली में सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में विद्या भारती के संपूर्ण भारत में चलने वाले लगभग 507 अटल टिंकरिंग लैब के छात्रों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये छात्रों को जुलाई, अगस्त और सितंबर माह में अलग-अलग विषयों पर प्रोजेक्ट तैयार करके उसका 2 मिनिट का वीडियो बनाकर सबमिट करना था। इस तरह हर माह से टॉप 30 और सिंतबर माह से टॉप 40 को मिलाकर टॉप 100 टीमों को चुना गया था। नगर के अटल लैब से तीन टीमो का चयन इस प्रतियोगिता के लिए हुआ था, जिसमे छात्र सिद्धेश गोडबोले ने वेस्ट वाटर मैनेजमेंट पर, छात्र हर्षित गौर ने कस्टमाइज्ड फैशन वियरेबल और छात्र सोहम बैरागी ने सोलर पावर व्हीकल थीम पर अपने प्रोजेक्ट तैयार किये थे। छात्रों के द्वारा बनाये गए प्रोजेक्ट का अवलोकन डॉ अभय जेरे मुख्य नवाचार अधिकारी भारत सरकार एवं अटल इनोवेशन मिशन नीति आयोग की टीम के सदस्यों के द्वारा भी किया गया। अवलोकन के दौरान आईआईटी दिल्ली के विभिन्न विभागों के विभागध्यक्षों ने भी छात्रों को अपने प्रोजेक्ट को और बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। छात्रों को इस उपलब्धि पर विशेष सर्टीफिकेट भी प्राप्त हुए हैं। अटल लैब के इंचार्ज इंजी चेतन सोलंकी ने बताया कि कस्टमाइज्ड फैशन वियरेबल थीम के ऊपर बनाये गए प्रोजेक्ट को कार्यक्रम की विशेष अतिथि श्रीमति दिव्या द्वारा मार्केट रेडी प्रोडक्ट की श्रेणी में रखा गया और कार्यक्रम के समापन पर महिलाओं के उपयोग में आने वाले इयररिंग्ज को पहले ग्राहक के रूप में छात्र से क्रय कर लिया। उनके द्वारा छात्र को 51 रुपये की राशि भी दी गयी। उनके द्वारा इस प्रोडक्ट को मार्केट में ले जाने के विषय में भी जानकारी दी गयी। छात्र के द्वारा चश्मे की फ्रेम का भी 3डी डिजाइन बनाया गया और लैब के 3डी प्रिंटर द्वारा प्रिंट किया गया। इस उपलब्धि पर विद्यालय समिति के व्यवस्थापक राजेश जैन, कोषाध्यक्ष डॉ विवेक भुस्कुटे एवं विद्यालय के प्राचार्य भवानी शंकर पाराशर ने छात्रों को बधाई दी है।

# पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही, एमडी पाउडर और अवैध गांजे के साथ आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जागरण, हरदा।** पुलिस नशे का कारोबार करने वालों पर अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है, जिसके तहत जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में एमडी पाउडर और अवैध गांजे का व्यापार करने वालों पर ताबडतोड कार्रवाई की गई है। एसपी अभिनव चौकसे ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ का कारोबार करने वाले आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर गांजा औक एमडी पाउडर जब्त किया है। उन्होंने बताया कि सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने ग्राम अबगांवखुर्द के पास फोरलेन ब्रिज के पास से आरोपी धृति मोहन से 992 ग्राम एमडी पाउडर जिसकी कीमती 10 हजार जब्त किया है।

वहीं दूसरे आरोपी रोहित राजपूत से 2 ग्राम एमडी बरामद किया है, जिसकी कीमत 40 हजार है। इसी तरह सिविल लाइन थाना पुलिस ने दो आरोपियों के कब्जे से एक किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसका बाजार मूल्य 26 हजार रुपए है। एसपी ने बताया कि आरोपी रिजवान के कब्जे से 12 हजार का 600 ग्राम गांजा जब्त किया। वहीं आरोपी इन्नु के पास 14 हजार का 800 ग्राम अवैध गांजा जब्त किया है। उधर टिमरनी थाना पुलिस ने आरोपी बंटी कुचबंदिया से 7 हजार का गांजा जब्त किया है।

### रेत के अवैध परिवहन में शामिल ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कार्यवाही लगातार जारी है। जिला खनिज अधिकारी आरपी कमलेश ने बताया कि शुक्रवार को खनिज विभाग के दल ने टिमरनी तहसील अंतर्गत खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की जांच की। जांच के दौरान टिमरनी से होशंगाबाद रोड पर छिदगांव मेल रेल्वे फाटक के पास बिना नम्बर के जॉन डियर ट्रेक्टर द्वारा रेत का अवैध परिवहन पाया गया। ट्रेक्टर को चालक नन्दकिशोर पिता झंगु वासकर निवासी बघवाड से जप्त कर थाना टिमरनी में खडा किया गया है। खनिज अधिकारी श्री कमलेश ने बताया कि प्रकरण में मध्य प्रदेश गौण खनिज नियमों के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

### मदिरा के अवैध विक्रय और संग्रहण के 20 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग के दल ने गुरूवार व शुक्रवार को मदिरा के अवैध निर्माण, संग्रहण व विक्रय के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी

रीतेश कुमार लाल ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने जिले के ग्राम नकवाडा, सिरकम्बा, मोहनपुर, रहटगांव, शिवा ढाबा रहटगांव, आलमपुर, कमताडा, नीमगांव, गाडरापुर दमामी, टंकी मोहल्ला, खेडीपुरा, पीलियाखाल, ग्राम उडा, आमासेल, रेहटाकला, कुकडापानी, खुदिया व सुल्तानपुर में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 33 पाव देशी शराब, 51 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब व 890 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत 20 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 101510 रूपये है। उन्होने बताया कि अवैध मदिरा विक्रय व संग्रहण के खिलाफ कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### महिला से 7 हजार का गांजा बरामद

**जागरण, इटारसी।** इरानी डेरा निवासी एक महिला के पास से पुलिस ने 470 ग्राम गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमत सात हजार रूपए बताई जा रही है। सिटी पुलिस ने ईरानी डेरा निवासी 55 वर्षीय हसीना बी के पास से गांजा बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि वह ईरानी डेरा क्षेत्र में गांजा बेंचने की फिराक में थी, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए महिला को पकड़ लिया।

